अव्यवस्था | सलैया प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन का मामला

# स्कूल के विद्यार्थी स्वयं धो रहे थाली

**कुम्हारी नवभारत 17 नवंबर। प्राथमिक शाला सलैया और माध्यमिक शाला में मैन्यू के अनुसार भोजन तो बच्चों को नहीं मिलता। इसके अलावा यहां अव्यवस्थाओं का आलम देखा जा रहा है।**

प्राथमिक शाला में तीन शिक्षक उपस्थित रहे, जबकि पांच है। मिडिल स्कूल सलैया में अतिथि शिक्षक राजकुमार अहिरवाल अकेले तीन कक्षाओं का संचालन करते नज़र आये। ऐसे में वार्षिक परीक्षा का परिणाम कितना अच्छा आएगा सहज ही अन्दाजा लगाया जा सकता है। प्राथमिक शाला सलैया में छात्र-छात्राओं के लिए मध्यान्ह भोजन वितरित तो होता है, मगर छात्र-छात्राओं को स्वयं ही थाली धोनी पड़ती है।





### शासन के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

छात्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग स्वयं ही खाना खाने के बाद थाली धोते हैं, जो कहीं न कहीं लापरवाही श्रेणी में आता है। शासन की निर्देशानुसार मध्यान्ह भोजन में लगे हुए रसोइयों को इसकी व्यवस्था करना है। इसके बावजूद स्कूल में थाली छात्रों को स्वयं धोना पड़ रही है।

### इनका कहना है

छात्रों से थाली धुलवाना गलत है। मामले को दिखवाते हैं।

**प्रभु नारायण पांडेय**
**जिला प्रभारी एमडीएम दमोह**




## राज्यमंत्री लोधी ने ग्राम सुनवराह से सुनकड़ मार्ग का किया भूमिपूजन

नवभारत,जबेरा/दमोह. प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व व धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुनवराह से सुनकड़ मार्ग का भूमिपूजन किया। इस मार्ग का निर्माण कार्य लगभग 4 कि.मी लागत 314.66 लाख रुपये की राशि से किया जायेगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा इस मार्ग की बहुप्रतीक्षित मांग को आज पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके निर्माण से दोनों ग्रामों सहित अन्य ग्रामों के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। हमारी सरकार निरंतर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास के कार्य कर रही ।प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से हर ग्राम तक सड़कों का निर्माण, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल जल योजना, लाड़ली लक्ष्मी,आयुष्मान कार्ड योजना, हर पात्र परिवार में मुफ्त खाद्यान्न जैसी विभिन्न योजनाओं को लेकर कार्य कर रहे .

# सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

**नवभारत,तेजगढ़/दमोह। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में मात्र सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय तेजगढ़ में आयोजित किया गया.** जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया.देश की वीरांगनाओ के स्वरूप में आकर महिलाओं को उनकी शक्ति का ज्ञान दिया कि कैसे इन महिलाओं ने देश के लिए क्या किया,कैसे किया.महिलाये आज देश में पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है.इस कार्यक्रम का उदेश महिलाओं को उनकी शक्ति के बारे में अवगत कराना है कि कैसे एक महिला ने अंग्रेजो से अकेले लोहा लिया. कैसे एक महिला देश के सबसे बड़े पद जो राष्ट्रपति का होता है. उस पर बैठ कर काम कर रही है.इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती जयंती बाई सरपंच तेजगढ़ रही.कार्यक्रम के अध्यक्ष मोहनी कुलस्ते, कार्यक्रम में वक्ता सृष्टि जैन, कार्यक्रम के सयोजक शारदा दीक्षित, सह सयोजक राजकुमारी राजपूत, रशिम सोनी,श्रीमती वंदना राठौर और कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय की आचार्या कुरिया जैन ने किया.इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में क्षेत्र की माताओ ने अपनी गरिमा पूण उपस्थित देकर की.



## सहकारिता ही मछुआरों की समृद्धि का एकमात्र आधार- कोठिया

नवभारत,दमोह .अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी नीति पारिस्थितिकी तंत्र भारत की सहकारिताओं के लिए संरचित रोड मैप विषय पर सहकारिता विभाग व मत्स्य उद्योग विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में मत्स्योद्योग सहकारी समितियों के अध्यक्ष प्रशासक व सदस्यों की कार्यशाला का आयोजन मत्स्योद्योग कार्यालय दमोह में किया गया। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त सहकारिता सौरभ कोठिया रहे। अध्यक्षता सुरेंद्र कुर्मी सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने की। विशिष्ट अतिथि मानव जीवन विकास समिति की दीक्षा राजपूत व घनश्याम रैकवार रहे। संचालन सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने किया। मुख्य वक्ता सी.एस. झा (वरिष्ठ सह.निरी. ), ऋषिकांत पाठक व दीक्षा ठाकुर रहे। मुख्य अतिथि श्री कोठिया ने मत्स्य उद्योग सहकारी समिति के गठन, संचालन व कार्य प्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम में हेमलता, भारत सिंह, महेंद्र सिंह जितेंद्र यादव, अशोक रैकवार, मुन्ना सिंह,कमल सिंह,दुर्जन सिंह, पवन सिंह, सरमन सिंह, छोटेलाल, नरेंद्र सिंह, लाल सिंह व प्रभात सिंह आदि मछुआरे व किसान भाइयों की उपस्थिति रही।

## बांसाकला और खोजाखेड़ी में लगे स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण




नवभारत,पथरिया/दमोह.कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पथरिया विकास खण्ड के ग्राम खोजाखेड़ी व बांसाकला के स्वास्थ्य शिविरों का जायजा लिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी से विस्तृत जानकारी ली तथा लापरवाही बरते जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये सख्त निर्देश दिये।भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर बांसाकला पहुंचे।
उन्होंने यहां पर ड्यू लिस्ट के अनुसार गर्भवती महिलाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि जो महिलाएं केंद्र पर न पहुंचे उनसे संपर्क कर बुलाया जाए। इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पथरिया से भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा।इसके पूर्व कलेक्टर श्री कोचर खोजाखेडी के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पहुंचकर गर्भवती माता की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होनें कहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अभी काम चल रहा है और कड़े निर्देश दिये है समय सीमा में कार्य पूरा करना है। खोजाखेड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता बीएलओ गायत्री ठाकुर ने बताया उनके द्वारा 300 फार्म बांटे गये हैं 50 फार्म बापिस आये हैं,

### एक नजर में



## मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच आचार्य सौभाग्य सागर जेईएस विद्यालय के वार्षिकोत्सव का समापन

नवभारत,दमोह। सागर नाका स्थित आचार्य सौभाग्य सागर जे.ई.एस इंग्लिश पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बीती रात्रि उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया रहे, जिनका विद्यालय परिवार द्वारा 78वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया ।कार्यक्रम में जैन एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित रघुवर प्रसाद मोदी जैन विद्यालय, आचार्य विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल तथा आचार्य सौभाग्य सागर जे.ई.एस इंग्लिश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।मुख्य आकर्षणों में लोक नृत्य दिवारी, जूजू एक्ट, अघोरी एक्ट, तथा पैक्ड फूड स्वास्थ्य के लिए कैसे हानिकारक है इस विषय पर जागरूकता प्रस्तुति शामिल रही ।इसी क्रम में छात्रों ने आकर्षक भारतीय सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया,जिसमें विभिन्न राज्यों के नृत्य प्रस्तुत कर भारत की विविधता में एकता का संदेश दिया गया ।इसके अतिरिक्त कठपुतली नृत्य, स्वच्छता पर आधारित सामूहिक नृत्य, रामायण मंचन, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट शो एवं कुंभकरण वध पर आधारित नाटिका भी प्रस्तुत की गईं, जिन्हें दर्शकों से सराहना मिली ।समारोह में जैन शिक्षण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बाजाज, उपाध्यक्ष सावन सिंघई, मंत्री अजित मोदी, जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई सहित अनेक सदस्य तथा बड़ी सांख्य मे अभिभावक उपस्थित रहे।



## असाटी महिला समिति द्वारा बाल दिवस पर सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,दमोह . बाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसमें समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया .कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया . पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई . जिसमें बच्चों ने अपने नए-नए आकर्षक स्वरूप से सभी का मन मोह लिया .छोटे-छोटे बच्चों कि आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति और शानदार गेट अप देखकर पूरा संस्कार भवन तालियों से गूंज उठा .इसके पश्चात बच्चों के लिए रोमांच से भरपूर सरप्राइज गेम ( रिंग गेम ) आयोजित किया गया . बच्चों ने उत्साह और हंसी-खुशी के साथ इस गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया .कार्यक्रम का अगला आकर्षण म्यूजिकल पिलो गेम रहा . जिसमें बच्चों ने संगीत की धुन पर खेल का भरपूर आनंद उठाया . यह खेल बच्चों में जोश और हंसी का सुंदर माहौल लेकर आया .इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी गेम का आयोजन किया गया . जिसमें बच्चों ने अपनी बुद्धिमत्ता और तत्परता का शानदार प्रदर्शन किया बच्चों ने बड़े ही आत्मविश्वास से उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया .सभी प्रतियोगिताओं के बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया . बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने लायक था . इसी सुंदर क्षण के साथ कार्यक्रम का सफ्ल समापन किया गया .



## गुमशुदा युवक की नाली में मिली लाश

नवभारत दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे पटरी पानी की निकासी नाला में पथरिया पाठक पर सोमवार सुबह शव मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्ती की तो पता चला कि गुमशुदी की रिपोर्ट मृतक की मां तारा जाटव ने 14 नवंबर को कराई थीए जहां मृतक अमित जाटव बगैर बताए घर से चला गया थाण् जिसकी लाश मिलने पर पुलिस जांच में जुटी हुई हैण्मौके पर थाना कोतवाली से एएसआई साहब सिंह सहित पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच में लिया।

# संकल्प संस्था ने किया बच्चों को सम्मानित

**नवभारत,तेन्दूखेडा/दमोह.ऐक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जिला में कार्यरत संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह ने तेन्दूखेडा ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल तेजगढ़ मे राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर शाला के अनेक बच्चो ने बाल दिवस व अपने अधिकारों पर अपने विचार रखे। इस मौके पर संस्था ने बच्चो को पुरुस्कृत भी किया।** संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, सचिव संदेश बंसल व प्राचार्य अनरथ सिंह पुलिस विभाग से पटैल साहब बतौर अतिथि मौजूद रहे। यहाँ बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागृत किया गया। वहीं परियोजना समन्वयक देवेन्द्र दुबे ने बताया की संस्था द्वारा जिले मे 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 तक सतत यह आयोजन चलाया जायेगा। स्थानीय स्कूलों के बच्चो के बीच यह आयोजन करने करने का मूल उदेश्य यही है कि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों।आयोजन मे शाला परिवार के शिक्षकों, बच्चों के अलावा प्रतिभा सिंह लोधी, रितु विश्वकर्मा, दर्शन नामदेव सहित अनेक गणमान्य लोगो की उपस्थिति रही।




## पहले ने की दूसरे पति की हत्या

नवभारत,दमोह .न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक के द्वारा हटा सत्र न्यायालय के सत्र प्रकरण क्र 122/22 अंतर्गत धारा 302,449, भादवि में निर्णय पारित करते हुए आरोपी सरमन आदिवासी को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदंड तथा धारा 449 में 10 वर्ष साश्रम कारावास व 2000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया .प्रकरण की जानकारी देते हुए दिलीप सिंह ठाकुर अति, लोकअभियोजक द्वारा बताया गयाथाना प्रभारी मगरोंन मनोज यादव द्वारा तुरन्त घटना स्थल पहुंच कर संबंधित कार्यवाही करते हुए थाना मगरोंन के अपराध क्र. 122/22 अंतर्गत धारा 302,449 भा द वि में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई .प्रकरण में जप्त शुदा कुल्हाड़ी पर लगे मृतक के खून व आरोपी के फ़िंगर प्रिंट तथा प्रकरण में आए साक्ष्य के आधार पर माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक द्वारा आरोपी सरमन आदिवासी को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 5000/रु के अर्थदंड तथा धारा 449 में 10 वर्ष के कारावास एवं 2000/रु के अर्थदंड से दंडित किया।


## संजीवनी क्लीनिक, आयुष्मान आरोग्य मंदिर व एनआरसी का औचक निरीक्षण



**नवभारत,दमोह. मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने आज शहरी क्षेत्र दमोह में संचालित संजीवनी क्लीनिक न्यू दमोह दमयंतीपुरम तथा जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र( डीईआईसी ) में संचालित एनआरसी पहुँचकर दी जा रही सेवाओं का औचक निरीक्षण किया।**
इस दौरान एम एण्ड ई बलराम मौजूद रहे ।डॉ. आर.के. अठया ने संजीवनी क्लीनिक में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा पोर्टल पर की जा रही डेटा प्रविष्टियों की जॉच की। निरीक्षण में पाया कि आम पोर्टल पर सितम्बर से दी गई सेवाओं की एन्ट्री नहीं की गई है। आम पोर्टल की मासिक रिपोर्ट जून से नहीं भेजी गई है। अनमोल पोर्टल पर भी आवश्यक डाटा एन्ट्री अधूरी पाई गई। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए डॉ. अठया ने डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त मल्टी टॉस्क वर्कर राजुल चौरसिया के दो दिन से अनुपस्थित रहने पर दो दिन की वेतन काटने के निर्देश भी जारी किए।


# मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**नवभारत,दमोह। म.प्र. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ जिला शाखा दमोह की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुचित दवाब बनाकर मनवांछित लक्ष्य प्राप्त कर केवल कागजी आंकडे तैयार किये जा रहे है.** विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों की हट धर्मिता के चलते एक-एक कार्यकर्ता को 13-13 कृत्रिम गर्भाधान प्रतिदिन करने हेतु बाध्य किया जा रहा है, जो कि एक मानव के लिए किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है. इसी को लेकर प्रांत अध्यक्ष बीएल वर्मा व संरक्षक आरएस चौहान के निर्देशन में 17 नम्बवर 2025 को म.प्र. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ जिला दमोह द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया गया हैइस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजय कुमार तेकाम,उपाध्यक्ष शेख शरीफ कुरैशी व मनोज कुमार श्रीवास्तव, सचिव कोमल प्रसाद अठिया, महामंत्री पन्नालाल कुर्मी व रणधीर सिंह, अजय मराबी, आत्मानंद मिश्रा, सुरेश कुमार तिवारी, यशवंत पाटिदार, गोविंद प्रसाद चौधरी, अभय कुमार जैन, धनेश कुमार जैन, श्रीमती सुनीता मराबी, कबीर जाट, मुस्कान गुरु, रिहाना खान, ब्लॉक अध्यक्ष दमोह वीरन सिंह, पटेरा पवन दीक्षित, देवी लोधी, आशुतोष मिश्रा, पथरिया संध्या वर्मा, विजय सिंह व परम सिंह उपस्थित रहे.



## अवैध उत्खनन करते जेसीबी मशीन को जब्त किया

नवभारत,हटा/दमोह. हटा क्षेत्र में मुरम का अवैध उत्खनन करते जेसीबी मशीन को जप्त किया.खनिज विभाग की कार्रवाई रही.लंबे समय से अवैध उत्खनन की मिल रही शिकायतो के बाद कार्रवाई हुई. हटा शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल में जमकर अवैध उत्खनन का कारोबार फ्ल-फूल रहा था।



स्वदेशी मेले का समापन | आयोजन के अलग-अलग दिवस पर देश और प्रदेश में अपना नाम स्थापित करने वाली कई प्रतिभाएं रहीं उपस्थित

# महिला विश्वकप जीतने वाली क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ हुई शामिल

**नवभारत,दमोह.स्वर्णिम भारतवर्ष फ़ाउंडेशन और स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में शहर के तहसील मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला 2025 का रविवार को समापन हुआ. समापन के पूर्व आयोजन के अलग-अलग दिवस पर देश और प्रदेश में अपना नाम स्थापित कर रहे कई प्रतिभाओं ने अपनी उपस्थिति दी.**
इस दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह के माध्यम से आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी और महिला विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य क्रांति गौड़ ने भी स्वदेशी मेला 2025 में अपनी उपस्थिति दी. इस दौरान उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसकी सराहना की और जिले वासियों और आयोजन समिति द्वारा किए गए स्वागत पर भी आभार जताया.







### समापन समारोह पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह हुए शामिल

समापन अवसर पर मप्र राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेंद्र सिंह लोधी के साथ महाकौशल प्रांत के सह प्रचारक श्रवण और मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के सहसंगठक केशव दुबौलिया रहे .कार्यक्रम के अंतिम दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्मान समारोह आयोजित किया गया .जिसमें 11 दिवसीय मेले में अपना सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया और मेला संयोजक डॉ सोनल राय, सहसंयोजक बृजेंद्र राठौर, संगीता श्रीधर, चंद्रभान पटेल, प्रताप पटेल,मोनिका पालीवाल और प्रिया श्रीवास्तव सहित टीम ने आभार जताया .समापन अवसर पर मंचीय कार्यक्रमों का प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा परंपरा अनुसार भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय और दंतोपंत जी ठेंगड़े के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर हुआ .

### संयोजक डॉ . सोनल राय ने आयोजन पर डाला प्रकाश

प्रज्वलन और माल्यार्पण की गीत वंदना आयोजन समिति की एड . गिरजा त्रिपाठी के द्वारा की गई . तत्पश्चात मंच पर विराजमान अतिथि प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मुख्य वक्ता केशवजी दुबौलिया, प्रांत मेला प्रमुख नितिन पटेरिया, डॉ विनोद कुकरेजा, पतंजलि परिवार से कृष्ण कुमार परोहा, क्षेत्र विचार विमर्श प्रमुख प्रजातंत्र गंगेले, मेला पालक एड . दीपक तिवारी की उपस्थिति में किया गया .इसके पश्चात मेला संयोजिका डॉ सोनल राय द्वारा 11 दिवसीय आयोजन के कार्यक्रमों की रूपरेखा और उनकी सफ्लता पर प्रकाश डाला गया . स्वागत भाषण मेला प्रमुख बृजेंद्र राठौर और आभार मेला सहसंयोजिका डॉ प्रिया श्रीवास्तव के द्वारा किया गया . मंच संचालन राजीव अयाची के किया .

**न्यायालय, सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)**

**- इश्तहार-**

राज.प्र.क्र.-/अ-6/2025-26

मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 110(3) के अंतर्गत सर्वसाधारण को इश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि नजूल शीट नं. 28 प्लाट नं. 2009/1 रकवा 1885 वर्गफुट फदाली पिता दलपत नाई सा. बजरिया वार्ड 03 दमोह का अभिलेख में दर्ज है।

विषयांकित संबंध में लेख ह कि आवेदक जगदीश नारायण सेन पिता स्व. रामलाल सेन, निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 बिलवारी मुहल्ला दमोह मोबा, नं. 9301734816 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट नं. 28 प्लाट नं. 2009/1 रकवा 1885 वर्गफुट पर वसीयतानामा के आधार पर नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।
यदि उक्त वसीयतनामा के आधार पर होने से यदि किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले पक्षकार को यदि कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं, लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 24/11/2025 तक न्यायालयीन समयावधि में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्यांद के किसी तरह की कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं की जावेगी ।

आज दिनाक 07/11/2025 को जारी किया गया ।

**सहायक अधीक्षक**
**नजूल नवकरण दमोह**